अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा **2024**
कक्षा- **10** वीं हिंदी **(A)**, कोड- **002**
प्रश्न पत्र कोड **3/2/2**

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : –<br><br>हमीं ने दिया शांति संदेश, सुखी होते देकर आनंद।<br>................................ प्रतिज्ञा में रहती थी टेव। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – 'आँधियाँ, झड़ी, प्रचंड ................................ प्रतीकार्थ हैं -<br>उत्तर – (D) देश में समय-समय पर आए भीषण संकटों का। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'विजय केवल लोहे की ................................ का आशय है -<br>उत्तर – (C) धर्म के मार्ग पर चलकर ही लोगों को जीता जा सकता है, अस्त्र-शस्त्रों से नहीं। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'हमीं ने दिया शांति ........................... प्रयुक्त हुआ है?<br>उत्तर – (B) भारतवासियों के लिए | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – काव्यांश के आधार पर ................................ छाँटकर लिखिए :<br>उत्तर – (A) भारत में सबके लिए भिक्षाटन की परंपरा रही है। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण पर ................................ चुनकर लिखिए :<br>कथन - भारत सदा ................................ देश रहा है।<br>कारण - भारत ने कभी ................................ सामना नहीं किया।<br>उत्तर – (A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम ‘अ’) कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>तकनीक की एक विशेषता ...................................... स्मार्ट न हो जाए। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – गद्यांश के आधार पर ................................. का कारण है –<br>उत्तर – (D) सीमित चैनलों पर निश्चित समय पर आने वाले कार्यक्रम। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – गद्यांश के अनुसार ...................................... क्या होता है?<br>उत्तर – (B) वर्तमान की उपलब्धि | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – ‘स्मार्ट टी. वी. .......................................... जाता है –<br>उत्तर – (D) स्मार्टफोन की तकनीक उपलब्ध कराने वाले टी. वी. को | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – ‘बुद्धू बक्सा’ ............................ संकेतार्थ है –<br>उत्तर – (B) टी. वी. का | 1 |
| | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित कथन तथा .......................... चयन कर लिखिए :<br>कथन - सबके पास .............................. लगती है।<br>कारण - लोग उससे .............................. करने लगते हैं।<br>उत्तर – (D) कथन तथा कारण दोनों सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'उस स्थान पर ऊपर ............................ सरल वाक्य होगा –<br>उत्तर – (C) उस स्थान पर ऊपर से करील की घनी छाँह के साथ चारों ओर से तेज़ धूप के वृत्त भी थे। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'हम सबके मन में ........................... संयुक्त वाक्य है –<br>उत्तर – (A) हम सबके मन में उनकी स्मृति है और आजीवन बनी रहेगी। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'सर्वेश्वर जी के लिखे ............................ का मिश्र वाक्य होगा –<br>उत्तर – (C) सर्वेश्वर जी जो स्तंभ लिखते थे और उसमें बेबाक सच कहने का साहस दिखता है। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ............................ चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (B) 1 और 3 | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ I ................................. चयन कर लिखिए :<br>उत्तर – (D) 1-(II) 2-(I) 3-(III) | 1 |
| 4 | 4 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/2/2

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 4 | (i) | प्रश्न – 'अंबर पनघट में डुबो .......................... अलंकार प्रयुक्त हुआ है?<br>उत्तर – (B) मानवीकरण | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – ''जे रहीम गति दीप .......................... प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (C) श्लेष | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों .......................... का उदाहरण है?<br>उत्तर – (A) है टूट पड़ा भू पर अंबर | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – 'राणा की पुतली फिरी .......................... में प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (A) अतिशयोक्ति | 1 |
| | (v) | प्रश्न – 'सतसइया के दोहरे .......................... में प्रयुक्त अलंकार है –<br>उत्तर – (C) उत्प्रेक्षा | 1 |
| 5 | 5 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'लेखक ने सरकारी नौकरी ......................... वाच्य पहचानकर लिखिए :<br>उत्तर – (D) कर्तृवाच्य | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में .......................... वाक्य नहीं है :<br>उत्तर – (B) मोहित बहुत सुरीला गा पाता है। | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | (iii) | प्रश्न – द्विवेदी जी द्वारा ........................... किस वाच्य का उदाहरण है?<br>उत्तर – (A) कर्मवाच्य | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ........................... विकल्प चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (C) 3 और 4 | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I को ........................... विकल्प का चयन कीजिए :<br>उत्तर – (A) 1- (II) 2- (III) 3-(I) | 1 |
| 6 | 6 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थक कर लेट गए।' में रेखांकित पद का परिचय है -<br>उत्तर – (A) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ......................... का प्रयोग हुआ है?<br>उत्तर – चारों विकल्प अनुपयुक्त होने के कारण किसी भी विकल्प के चयन पर पूरे अंक दिए जाएँ। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'मेरी माँ पाँच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं।' में रेखांकित पद का परिचय है -<br>उत्तर – (B) सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, माँ विशेष्य | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | (iv) | प्रश्न – 'पापा तो आज <u>सुबह–सुबह</u> टहलने चले गए।' में रेखांकित पद का परिचय है –<br>उत्तर – (B) कालवाचक क्रियाविशेषण, 'टहलने चले गए' की विशेषता | 1 |
| | (v) | प्रश्न – '<u>मैं</u> इनको देखते-सुनते ही बड़ी हुई।' में रेखांकित पद का परिचय है :<br>उत्तर – (B) उत्तमपुरुष सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक | 1 |
| 7 | 7 | प्रश्न – पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **दो** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – 'यह दंतुरित मुसकान ........................... क्यों नही पहचान पाता?<br>उत्तर – (C) बच्चा अपने पिता को पहली बार देख रहा था। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'आत्मकथ्य' कविता के ........................... कैसे दूर करता है?<br>उत्तर – (A) अपने अतीत की सुखद स्मृतियों के सहारे। | 1 |
| 8 | 8 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>मन की मन ही ....................................... मरजादा न लही।। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – गोपियों को अपना ........................... लग रहा था?<br>उत्तर – (D) अपने प्रति कृष्ण के शुष्क व्यवहार से। | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 8 | (ii) | प्रश्न – 'सूरदास के ........................... की भाषा है –<br>उत्तर – (A) ब्रज भाषा | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – गोपियाँ अब तक व्यथा ........................... कर रही थीं।<br>उत्तर – (C) कृष्ण के आने की आस में | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – सूरदास के 'पद' के ........................... मन में ही रह गई?<br>उत्तर – (C) गोपियों की, कृष्ण से मिलन की | 1 |
| | (v) | प्रश्न – गोपियों की विरहाग्नि ........................... क्यों हो जाती है?<br>उत्तर – (C) उद्धव के योग–संदेश से | 1 |
| 9 | 9 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' ........................... रूप नहीं था क्योंकि<br>उत्तर – (C) उन्हें उनका व्यक्तित्व काफ़ी दबा–दबा सा लगता था। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'संस्कृति' पाठ में ........................... प्रधानता मानी गई है?<br>उत्तर – (A) लोककल्याण की भावना | 1 |
| 10 | 10 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अब हालदार साहब को ...................................... बनाना भूल गया। | |
| 10 | (i) | प्रश्न – पानवाला आँखों ........................... हँसा?<br>उत्तर – (D) आँखों ही आँखों हँसना पानवाले की बहुत पुरानी आदत थी। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – ‘मास्टर बनाना भूल ........................... अनुपयुक्त विकल्प है –<br>उत्तर – (D) कैप्टन | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – ग्राहक नेताजी की मूर्ति ........................... ले लेते थे?<br>उत्तर – (D) कैप्टन अपने फ्रेमों को उसी मूर्ति पर लगा देता था। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – ‘अब हालदार साहब को ........................... क्या समझ गए?<br>उत्तर – (A) मूर्ति के चश्मे के बार–बार बदले जाने का कारण। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कैप्टन मूर्ति से चश्मे ........................... क्या कारण रहा होगा?<br>उत्तर – (C) कैप्टन को यह लगना कि चश्मे के बिना नेताजी तकलीफ में हैं। | 1 |
| | | **खंड ‘ब’**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| | (क) | प्रश्न – भोलानाथ और उसके ........................... अधिक पसंद हैं और क्यों? | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से कोई **एक** उपयुक्त अंतर लिखेंगे, जैसे –<br>• पाठ में वर्णित खेलों में सामूहिकता की भावना; आज के खेल व्यक्ति केंद्रित (जैसे भोलानाथ साथियों के साथ मिलकर खेलता था आज बच्चे मोबाइल, कम्प्यूटर की स्क्रीन पर)<br>• पाठ में वर्णित खेल सामग्री पारंपरिक और प्राकृतिक; आज की खेल सामग्री तकनीकी आधारित, कृत्रिम संसाधनों और प्लास्टिक आदि की<br>• परिवेश में उपलब्ध चीज़ों से ही खेलना; बाज़ार से महँगी सामग्री खरीदना<br>• अन्य स्वतंत्र उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण से उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे। (1+1=2 अंक)<br>(2+1+1=4 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता का संक्षिप्त उल्लेख करने एवं प्रश्न के दूसरे भाग का उपयुक्त उत्तर देने पर<br>अथवा<br>✳ किसी एक भिन्नता का विस्तृत वर्णन करने परंतु प्रश्न के दूसरे भाग में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर<br>अथवा<br>✳ दो खेलों का वर्णन करते हुए प्रश्न के दूसरे भाग का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता के विस्तृत वर्णन पर<br>अथवा<br>✳ किन्हीं दो भिन्नताओं के संक्षिप्त उल्लेख पर | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अथवा<br>✳ पाठ के खेलों का विस्तृत वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ प्रश्न के केवल दूसरे भाग का उपयुक्त उत्तर देने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ के किसी एक खेल का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ आज के किसी एक खेल का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के दूसरे भाग के लिए कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11 | (ख) | प्रश्न – 'साना–साना हाथ जोड़ि' .......................... तर्कसंगत उत्तर दीजिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>• खेदुम सिक्किम (गैंगटोक) में लगभग एक किलोमीटर का क्षेत्र है (1 अंक)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे–<br>• यहाँ देवी–देवताओं का निवास<br>• यहाँ जो गंदगी फैलाएगा वह मर जाएगा (1 अंक)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के तीसरे हिस्से के लिए व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र, तर्कपूर्ण और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे। (2 अंक)<br>(1+1+2=4 अंक) | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ---------- <br> ✳ प्रश्न के पहले या दूसरे में से किसी भी हिस्से का सही उत्तर लिखने और प्रश्न के तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (3 अंक) <br> ---------- <br> ✳ प्रश्न के पहले और दूसरे हिस्से के सही उत्तर परंतु तीसरे के लिए तर्करहित उत्तर पर (2 अंक) <br> अथवा <br> ✳ प्रश्न के पहले और दूसरे हिस्से का गलत उत्तर लिखने परंतु तीसरे के लिए तर्कपूर्ण उत्तर लिखने पर (2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ पहले या दूसरे किसी एक हिस्से का सही उत्तर देने पर और तीसरे का तर्करहित उत्तर देने या उत्तर न देने पर <br> अथवा <br> ✳ पहले और दूसरे हिस्से के लिए गलत उत्तर और प्रश्न के तीसरे हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11 | (ग) | प्रश्न – एक कृतिकार के लेखन .......................... आधार पर स्पष्ट कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई चार उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> बाहरी दबाव : <br> • संपादकों का आग्रह <br> • प्रकाशकों की माँग <br> • रचनाकारों की अपनी आर्थिक विवशता <br> आंतरिक दबाव : | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • आंतरिक अनुभूति की सघनता<br>• लेखक द्वारा लेखन के कारणों को जानने की इच्छा<br>• आंतरिक विवशता से मुक्ति पाना<br>• आंतरिक विवशता को तटस्थ होकर उसे देखना और पहचानना<br>(1+1+1+1=4 अंक)<br>----------<br>✳ कोई तीन उपयुक्त बिंदु लिखने पर (3 अंक)<br>✳ कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | 12 | प्रश्न – गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' ........................... क्या प्रेरणा मिलती है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र तर्कपूर्ण और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>• बाहरी रंग–रूप से परे अपने गुणों को विकसित करना<br>• अपनी बात को साहस के साथ कह पाना<br>• जीवन की परिस्थितियों, अवस्थाओं का तटस्थ मूल्यांकन करना<br>• लेखन की प्रेरणा | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • मुश्किल परिस्थितियों से हार न मानना<br>• अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु पाठ के संदर्भ में कुछ वाक्य लिख पाने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | (ख) | प्रश्न – 'नौबतखाने में इबादत' .......................... विवरण प्रस्तुत कीजिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के संदर्भ में उपयुक्त विवरण लिखेंगे, जैसे –<br>• गलियों–मोहल्लों में ठुमरी, टप्पे, दादरा आदि पारंपरिक संगीत का प्रचलन<br>• संकटमोचन मंदिर में शास्त्रीय और उपशास्त्रीय संगीत आयोजन की प्राचीन और अद्भुत परंपरा<br>• सांस्कृतिक कार्यक्रमों, उत्सवों, त्योहारों में सेहरा, बन्ना, नोहा आदि<br>• कंठे महाराज, विद्याधरी, बड़े रामदास, मौजुद्दीन खाँ, बिस्मिल्ला खाँ जैसे संगीतज्ञों का निवास (2 अंक)<br>----------<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु पाठ के संदर्भ में थोड़े-बहुत विवरण लिखने पर (1 अंक)<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 12 | (ग) | प्रश्न – नवाब साहब और लेखक .......................... खीरा क्यों नही खाया?<br>उत्तर – परीक्षार्थी नवाब साहब और लेखक, दोनों के संदर्भ में उपयुक्त उत्तर | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | लिखेंगे, जैसे –<br>नवाब साहब<br>• खीरे जैसी साधारण वस्तु को खाते देखे जाने का संकोच<br>• खीरे को खाने के निमंत्रण को लेखक द्वारा अस्वीकार करना<br>लेखक के संदर्भ<br>• आत्मसम्मान निबाहने का प्रयास<br>• एक बार मना करके स्वीकार करने का संकोच (1+1=2 अंक)<br>----------<br>✳ केवल नवाब साहब अथवा केवल लेखक के संदर्भ में उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 12 | (घ) | प्रश्न – कैसे कह सकते हैं कि .......................... पाठ के आधार पर लिखिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर दो उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे –<br>• पतोहू से अंतिम संस्कार करवाना<br>• पतोहू को पुनर्विवाह का आदेश देना (1+1=2 अंक)<br>----------<br>✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 13 | 13 | प्रश्न – निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए : | |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 13 | (क) | प्रश्न – 'राम-लक्ष्मण परशुराम .......................... जाता और क्यों?<br>उत्तर – परीक्षार्थी कविता के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे–<br>• ब्राह्मण, देवता, गाय, ईश्वर के भक्त पर वीरता का प्रदर्शन नहीं (1अंक)<br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे–<br>• क्योंकि उनके वध से पाप<br>• उनके हाथों पराजय से अपकीर्ति (1 अंक)<br>(1+1=2 अंक)<br>––––––––––<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से का सही उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>––––––––––<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 3x2=6<br><br>2 |
| | (ख) | प्रश्न – 'उत्साह' शीर्षक .......................... पर प्रकाश डालिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से स्वतंत्र और उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे -<br>• कविता के केन्द्रीय भाव की अभिव्यक्ति<br>• आह्वान गीत<br>• नव-परिवर्तन हेतु नव-उत्साह और नवीन कल्पना का समावेश (2 अंक)<br>––––––––––<br>✳ उत्तर का पर्याप्त विस्तार न कर पाने परंतु प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>––––––––––<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न – 'संगतकार' कविता में .......................... कारण सहित स्पष्ट कीजिए। | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – परीक्षार्थी कविता के संदर्भ में कोई **<u>एक</u>** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> <u>संदर्भ</u> <br> • तारसप्तक में गाते समय <br> • स्वर को ऊँचा उठाने पर; (1 अंक) <br> प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे– <br> • गला बैठ जाना <br> • उत्साह कम हो जाना (1 अंक) <br> (1+1=2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से का सही उत्तर लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (घ) | प्रश्न – 'फ़सल' कविता में .......................... का उल्लेख कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी 'फ़सल' कविता के आधार पर कोई **<u>एक</u>** उपयुक्त बिदु लिखेंगे, <br> जैसे – <br> • लाखों लोगों के हाथों का स्पर्श <br> • ढेर सारी नदियों के पानी का जादू <br> • हजारों खेतों की मिट्टी का गुण–धर्म <br> • सूर्य की किरणों का रूपांतरण <br> • हवा की थिरकन का संकोच; (1 अंक) <br> परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे– <br> • जल | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • वायु<br>• मिट्टी<br>• सूर्य (1 अंक)<br>(1+1= 2 अंक)<br>––––––––––<br>✳ प्रश्न के किसी एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>––––––––––<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 14 | (क) | 'स्वस्थ तन, स्वस्थ मन' ................................. 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**<u>विज्ञापन-लेखन</u>**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u> :–**<br>• विज्ञापन–लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **अथवा** | |
| 14 | (ख) | आप मैथिली/मिथिलेश्वर हैं। .......................... 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।<br>उत्तर –<br><br>**संदेश-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |
| 15 | 15 | प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए: | 6 |
| | (क) | बढ़ती जनसंख्या : गहराता संकट<br>भूमिका, वर्तमान में चर्चा का कारण, संकट कैसे, समाधान | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | हरित ऊर्जा : सुरक्षित भविष्य<br>भूमिका, अर्थ, प्रभाव, समस्याएँ, समाधान | 5 |
| | (ग) | सोशल मीडिया : जागरूकता आवश्यक<br>भूमिका, वर्तमान स्थिति, जागरूकता की आवश्यकता क्यों, प्रभाव<br><br>उत्तर –<br>**अनुच्छेद–लेखन**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय–वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 16 | (क) | आपका नाम अनामिका/अनामय है। भाषा में सुधार हेतु नियमित ...................... 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।<br>**अथवा** | 5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | आपका नाम अनामिका/अनामय है। पिछले महीने आपने ...................... बैंक प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखें।<br><br>उत्तर –<br>**<u>पत्र-लेखन</u>**<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ-बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| 17 | (क) | आप धनुश्री/धनुष हैं। .................................. एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**<u>स्ववृत्त-लेखन</u>** | 5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय–वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | |
| 17 | (ख) | आप धनुश्री/धनुष हैं। ................................... 80 शब्दों में ई–मेल लिखिए।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई-मेल**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ईमेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर | 5 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |